# तू है हारे का सहारा मेरे सांवरे भजन लिरिक्स

तू है हारे का सहारा मेरे सांवरे,
मुझे चाहिए सहारा तेरे नाम का,
यही अर्जी है तेरे दरबार में,
मुझे सेवक बना ले खाटू धाम का,
तू है हारे का सहारा मेरे साँवरे।bd।

तर्ज – [जरा सामने तो आओ।]

---

ना तो मांगू सोना चांदी,
हिरे मोती तुमसे मैं,
ना ही चाहूँ मान सम्मान मैं,
करूँ गुणगान तेरा,
बैठ तेरे चरणों में,
इतना ही मांगू वरदान मैं,
तेरी सेवा में रहूँगा दिन रात मैं,
कभी नाम ना लूँगा विश्राम का,
यही अर्जी है तेरे दरबार में,
मुझे सेवक बना ले खाटू धाम का,
तू है हारे का सहारा मेरे साँवरे।bd।

---

उठके सवेरे नित,
बाबा तेरे मंदिरों को,
पलकों से अपनी बुहांरुंगा,
गंगाजल मिले या ना,
मिले तेरे चरणों को,
आंसुओ से अपने पखारूँगा,
तेरी रजा में रहूँगा सदा राजी मैं,
है ये वादा बाबा तेरे इस गुलाम का,
यही अर्जी है तेरे दरबार में,
मुझे सेवक बना ले खाटू धाम का,
तू है हारे का सहारा मेरे साँवरे।bd।

---

टूट जाए डोर चाहे,
बाबा मेरी साँसों की ये,
तोड़ूंगा ना तेरा विश्वास मैं,
मर्जी है तेरी चाहे,
रखे जिस हाल मुझे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बनके रहूँगा तेरा दास मैं,
तेरी सेवा से करूँ जो इंकार मैं,
फिर जीवन मेरा है किस काम का,
**Bhajan Diary Lyrics,**
यही अर्जी है तेरे दरबार में,
मुझे सेवक बना ले खाटू धाम का,
तू है हारे का सहारा मेरे साँवरे।**bd।**

---

तू है हारे का सहारा मेरे सांवरे,
मुझे चाहिए सहारा तेरे नाम का,
यही अर्जी है तेरे दरबार में,
मुझे सेवक बना ले खाटू धाम का,
तू है हारे का सहारा मेरे साँवरे।**bd।**

स्वर – राजू मेहरा जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com